भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **तारांकित प्रश्न सं. *05**
(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 07 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिये जाने के लिए

मसाला पार्क

***05 श्री धनुष एम.कुमार:**
श्री गजानन कीर्तिकर:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित देश में कितने मसाला पार्क स्थापित किए गए हैं

(ख) क्या सरकार का मसालों का उत्पादन करने वाले किसानों को बेहतर मूल्य दिलाकर उन्हें सशक्त करने हेतु इन राज्यों में ऐसे और पार्क स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन मसाला पार्कों में अपने उत्पादों के प्रसंस्करण हेतु स्थानीय किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और अन्य हितधारकों के लिए कोई सुविधाएं प्रदान की गई हैं;

(घ) यदि हां, तो उक्त पार्कों से सृजित रोजगार के अवसरों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार और राज्य इन पार्कों की स्थापना में होने वाले व्यय को साझा कर रहे हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पार्कों पर सरकार द्वारा कुल कितनी राशि व्यय की गई है और इसके लिए कितनी धनराशि निर्धारित की गई है और ऐसे पार्कों की स्थापना के संबंध में सरकार के पास कितने प्रस्ताव लंबित हैं तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

"मसाला पार्क" के संबंध में लोकसभा में दिनांक 7 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): मसाला बोर्ड ने देश भर में आठ फसल विशिष्ट मसाला पार्क स्थापित किए हैं। मसाला पार्कों का विवरण नीचे दिया गया है:

मसाला पार्क का नाम	**राज्य**	**शामिल मसाले**
छिंदवाड़ा	मध्य प्रदेश	लहसुन और मिर्च
गुना	मध्य प्रदेश	धनिया
गुंटूर	आंध्र प्रदेश	मिर्च
जोधपुर	राजस्थान	जीरा
रामगंजमंडी	राजस्थान	धनिया
पुट्टाडी	केरल	इलायची और काली मिर्च
रायबरेली	उत्तर प्रदेश	पुदीना
शिवगंगा	तमिलनाडु	मिर्च और हल्दी

वर्तमान में, अतिरिक्त मसाला पार्कों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ग) और (घ): मसाला पार्क का उद्देश्य स्थानीय किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और अन्य हितधारकों द्वारा उपयोग के लिए सफाई, छंटाई, ग्रेडिंग, पिसाई, तेल निष्कर्षण और मसालों की पैकेजिंग सहित सामान्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन सुविधाएं स्थापित करना है। इसके अलावा, निर्यातकों, व्यापारियों और किसान उत्पादक संगठनों को अपनी स्वयं की मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए गुना, जोधपुर, रामगंजमंडी, गुंटूर, रायबरेली और शिवगंगा के मसाला पार्कों में भूखंड आवंटित किए गए हैं। मसाला पार्क बड़ी संख्या में रोजगार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरह के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मसाला पार्कों में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

मसाला पार्क का नाम	**प्रसंस्करण सुविधाओं का विवरण**
छिंदवाड़ा	लहसुन शुष्क/निर्जलीकरण और मिर्च निष्कर्षण
गुना	बीज मसालों विशेष रूप से धनिया के लिए सफाई, ग्रेडिंग, रंग छंटाई, पिसाई, पैकेजिंग सुविधाएं
गुंटूर	मिर्च की सफाई, छंटाई, पिसाई और पैकेजिंग की सुविधाएं
जोधपुर	बीज मसालों विशेष रूप से जीरा के लिए सफाई, ग्रेडिंग, रंग छंटाई, पिसाई, पैकेजिंग सुविधाएं

रामगंजमंडी	बीज मसालों विशेष रूप से धनिया के लिए सफाई, ग्रेडिंग, रंग छंटाई, पिसाई, पैकेजिंग सुविधाएं
पुट्टाडी	इलायची और काली मिर्च की सफाई, ग्रेडिंग, पिसाई, पैकेजिंग सुविधाएं
रायबरेली	पुदीना और अन्य जड़ी बूटियों के लिए तेल निष्कर्षण सुविधाएं
शिवगंगा	मिर्च और हल्दी की सफाई, ग्रेडिंग, रंग छंटाई, पिसाई, पैकेजिंग सुविधाएं

(ङ) और (च): निर्यात अवसंरचना विकास के लिए राज्यों को सहायता (एसाइड) स्कीम के तहत भारत सरकार की वित्तीय सहायता से मसाला बोर्ड द्वारा मसाला पार्क स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने गुंटूर मसाला पार्क की स्थापना के लिए वित्तीय रूप से योगदान दिया है। एसाइड स्कीम के बंद होने के बाद, वाणिज्य विभाग द्वारा निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस) कार्यान्वित की जा रही है जिसमें स्पाइस पार्क सहित निर्यात अवसंरचना की स्थापना या उन्नयन के लिए कुल परियोजना लागत में क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा लगाई गई मैचिंग इक्विटी तक (पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित परियोजनाओं के लिए कुल इक्विटी का 80% तक और अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कुल इक्विटी का 50% तक) सहायता अनुदान के रूप में सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, जिन राज्यों में अपेक्षाकृत बहुत अच्छी निर्यात अवसंरचना नहीं है, अच्छी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए संस्थागत क्षमता की कमी है, लेकिन सकारात्मक क्षमता है, वहाँ यह अनुदान कुल इक्विटी का 80% तक हो सकता है।

मसाला पार्कों के लिए वित्त-पोषण स्रोत का विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

मसाला पार्क	**खर्च की गई धनराशि** (₹ करोड़)	**वित्त पोषण स्रोत** (₹ करोड़)
छिंदवाड़ा , मध्य प्रदेश	20.50	एएसआईडीई स्कीम : 19.80 स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 0.70
पुट्टाडी , केरल	27.37	स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 27.37
जोधपुर, राजस्थान	30.72	स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम :30.72
शिवगंगा , तमिलनाडु	23.80	स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 23.80
गुना , मध्य प्रदेश	40.02	एएसआईडीई योजना : 25.00 स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 15.02
गुंटूर, आंध्र प्रदेश	19.50	स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 7.90 आंध्र प्रदेश सरकार : 11.60
रामगंजमंडी (कोटा), राजस्थान	16.86	एएसआईडीई स्कीम : 10.00 स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 6.86
रायबरेली , उत्तर प्रदेश	17.43	एएसआईडीई स्कीम :15.00 स्पाइसेस बोर्ड की योजना स्कीम : 2.43

****